防火 PREVENT FIRE

आगको रोकिए

घर में आगकी रोकथाम

सुरक्षा मार्गदर्शन

印度文版

आगके खतरों के बारे में कोई जानकारी

चाहियें या शिकायत हो तो कृपया

2723 8787

पर कॉल करें या कोई भी फायर स्टेशन पे संपर्क करें |

घर में आगकी रोकथाम

सुरक्षा मार्गदर्शन

Jointly produced by the Fire Services Department
and the Information Services Department
Cover photograph provided by Apple Daily

प्रस्तावना

हांगकांग बहुत घना आबादी वाला शहर है जहां इमारते एक आपस में नज़दीक से सटे हुये हैं। आग लगने की स्थिती में आग आसानी और जल्दी से फैल कर एक बड़ा तबाही घटा सकता है।

यद्यपि हमारे पास जीवन और सम्पतियों की क्षति कम करने में मदृत के लिये आधुनिक उपकरण और यंत्र से सु-सज्जित फायर ब्रिगेड उपलब्ध हैं फिर भी हर साल लोगों के घरों में लापरवाही और आग से सुरक्षा के बुनियादी एहतियात को अनदेखा करने से बहुत संख्या में आग की दुर्घटनाएं अभी भी घट रही हैं। आग ज्यादातर घर को मलबे में तब्दील कर देती हैं और साथ में किसी अपने और सम्पतियों का नुक्सान का दुःखदायी मंजर दिखलाता है।

हमारें जीवन और सम्पति की रक्षा हेतु, हमें आग से होनेवाले सभी खतरों से सतर्क रहना चाहियें और साथ में घरों को सुरक्षित रखने के लिये रोकथाम के उपाय उठाने चाहियें।

घरों में आग से बचाव के एहतियातें

आगे आने वाले पैराग्राफों में घर को आग से बचाने के लिये घर के विभिन्न क्षेत्र जैसे बैठक का कमरा, रसोईघर, बेडरूम, बाथरूम,
कोरिडोर, सीढ़ियाँ, छत आदि में क्या करना चाहियें और आगका खतरा उत्पन्न करने वाले वस्तुओं को कैसे संचालन करें, विस्तृत रूप से बताया गया हैं। यदि दिये गये सुरक्षा उपाय का अनुसरण करें तो आप अपने घर और सम्पतियों को आग से बचा सकते हैं।

बैठक का कमरा

आपके बैठक कमरे में होने वाले सजवाट के सामग्री और फर्नीचर जैसे पर्दे, घरायसी फर्नीचर, और बिजली की यन्त्र के ऊपर विशेष ध्यान देना बहुत जरुरी है |

फोम रबर या कपड़े से मढ़े हुये फर्नीचर

सोफा या कुर्सी में सिगरेट पीते समय राखदानी का प्रयोग करें | सिगरेट का सिरा को सोफा या कुर्सी में न छोड़ें | आपको फोम रबर या कपड़े से मढ़े हुये सोफें या कुर्सीयों पे विशेष ध्यान देना चाहियें क्यूँ कि सुलगता हुआ सिगरेट आसानी से आग लगा सकता है जिस से हानिकारक गैस और धुओं निकलता है |

माचिस और लाईटर

माचिस और लाईटर को बच्चों के पहुँच से दूर रखें |

राखदानी

राखदानी इतना बड़ा होना चाहियें की कोई सिगरेट लुढकतें हुये जमिन या अन्य ज्वलनशील सामग्रियों में गिरकर आग न लगा पायें | सुलगतीं हुई धुम्रपान के सामग्रियों को विसर्जन से पहले अच्छी तरह से बुझायें |

टेलीविज़न और रेडियो

टेलिविज़न और रेडियो के पीछे प्रयाप्त जगह छोड़े और उनके अन्दरकी निकलने वाले वेंटिलेशन को अवरोध न पहुँचायें | जब टेलीविज़न और रेडियो प्रयोग में न हो तब उनके प्लग बिजली के सॉकिट से निकालना ज्यादा उपयुक्त रहता है |

एयर कंडीशनर

एयर कंडीशनर लगाने से पहले इसका विद्युत श्रेणी-निर्धारण अच्छी तरह से जाँच लें ताकि आप निश्चित हो सकें कि यह आपके मौजूदा बिजली के सर्किट को ओवरलोड नहीं करेगा | फिल्टर में ज्यादा मैल जमा होने से मोटर पर ओवरलोड पड़ जाता है | इसलिये सुनिश्चित करें की एयर कंडीशन की नियमित रूप से जाँच और सफाई हो रही हैं |

बिजली के उपकरण और सर्किटें

प्रमाणित बिजली के उपकरणों का ही प्रयोग करें | बिजली की सर्किट या सर्किट की सुरक्षा में ध्यान दें | बिजली के सर्किट को ओवरलोड न करें और एक हीं सॉकिट में एक से ज्यादा एडाप्टर न जोड़ें | साथ में, कभी भी एक हीं सॉकिट में ज्यादा प्लग न जोड़ें | कोई भी ऐसा सॉकिट का प्रयोग न करें जो ढिला हो या जिस में दरार, ओवर हिटिंग के चिन्ह (जैसे: रंग उड़ा हुआ, झुलसने के निशान, विकृति आदि) मौजूद हो |

यदि फ्यूज़ उड़ जाये या सर्किट ब्रेकर लड़खड़ाय, तो समझ जाना चाहियें कि वहां एक हीं सर्किट में बहुत ज्यादा उपकरण लगे हुये हैं | यदि कोई उपकरण प्रयोग में नहीं हैं, फिर भी फ्यूज़ उड़ जाये या सर्किट ब्रेकर लड़खड़ाये तो यह ख़राब वायरिंग कि वजह से हो सकता है और बिना देरी किये इसकी जाँच कोई योग्य इलेक्ट्रिशियन से करायें |

बिजलीका वायरिंग

एक्सटेंसन तारों, उपकरण और लैम्प के तारों से खिलवाड़ नहीं करना चाहियें | फर्नीचर के बोझ तले और चलते हुये पैर पड़ने वाले स्थान पर तार न रखें | बिजली के तारों को कालिन और गलीचों के निचे न लगायें | सॉकिट, स्विच और प्लग को सूखे हुये हाथों से हीं छुयें | बिजली की सारी व्यवस्थाओं को साल में कमसे कम एक बार जाँच करें या करवाने कि आदत डालें |

रोशनी के उपकरण

बिजली के स्थिर रोशनी वाले उपकरण दोष - मुक्त और अच्छे तरह से काम कर रहे हैं इसके निश्चितता के लिये उन्हें नियमित जाँच करें | रोशनी के उपकरणों में असामान्य अवस्थाये जैसे ओवर-हिटिंग, टिमटिमाना, अस्थिर रोशनी आदि दिखें तो इन्हें बंद करें और पंजीकृत इलेक्ट्रिशियन से इनकी जाँच अवश्य करावा लें | रोशनी के उपकरण जब प्रयोग में न हो तब उनका प्लग बिजली के सॉकिट से अलग कर देना चाहियें और जो प्रयोग में हैं उन्हें ज्वलनशील सामग्री से दूर रखना चाहियें और उन से निकलने वाले गर्मि को हवा में बिखरने दें |

मछलीशालय

मछलीशालाओं भितर के पम्प और फिल्टर नियमित साफ करें ताकि ओवर-हिटिंग या सर्ट-सर्किट के वजह से आग न लगें |

रसोईघर

घर में रसोईघर ऐसी जगह है जहां इंधन, माचिस और खाना पकाने का तेल भंडारण होता है | रसोईघर में अन्य कमरों की तुलना में ज्यादा गैस और बिजली के उपकरण लगे होते हैं और साथ में ज्वलनशील सामग्री का भंडारण होने की वजह से यहाँ आग की दुर्घटना होने का संभावना ज्यादा रहता हैं | इसलिये, आगकी रोकथाम और अपने परिवार की सुरक्षा के लिये रसोईघर में काम करते समय ज्यादा सतर्क रहें |

चूल्हा के चारों ओर

सुनिश्चित करें की चूल्हा के पास कोई बेकार सामग्री जैसे बेकार कागज और अन्य ज्वलनशील सामग्री न हो | चुल्हा को नियमित रूप से साफ करे ताकि ग्रीज़ संचित न हो पायें |

इंधन

खाना पकाने का गैस और मिट्टी का तेल को (किसी भी समय एक से ज्यादा डब्बे न हो) चूल्हा और अन्य ताप के श्रोत से अच्छी दूरी पर रखें| मिट्टी का तेल से चलने वाले चूल्हा या हिटर में कभी भी जलते वक्त इंधन भरने की कोशिस न करें | मिट्टी का तेल का भंडारण कसके बंद होने वाले धातु से बने डिब्बे में करना चाहियें |

खाना बनाना

खाना बनाते वक्त ध्यान रखें | कुछ जलते और उबलकर गिरते समय सावधानी बरतें| खाना बनाने को बिना निगरानी के न छोड़ें, खास तौर पे तब जब पैन में चर्बी या खाना पकाने का तेल हो | चुल्हा की अक्सर जाँच और सफाई करें |

गैस के उपकरण

ये उपकरण योग्य तकनीशियन से ही लगवायें | सुनिश्चित करें की वह क्षेत्र अच्छी तरह से वेंटिलेटेड है | अगर आपको गैस रिसाव का संदेह हो तो:

- नग्न ज्वालाओं को बुझायें |
- टेलिफोन या बिजली की स्विच का प्रयोग न करें |
- गैस को छितराने के लिये सभी खिड़की और दरवाज़े को पूरा खोलें |
- गैस के उपकरणों को न छुयें, दुर्घटनावश इससे आप प्रज्वलन स्विच को चालू कर सकते हैं | इसके बजाय आप प्रेसर रेगुलेटर स्विच से गैस सप्लाई बंद कर दें | संभव हो तो रेगुलेटर को सिलिंडर से हटा दिजियें |

- अगर गैस का रिसाव गंभीर हो या आप किसी भी कारण पर पक्का न हो तब बिना समय गुमाय अपना परिसर त्याग दिजीयें और अपने पडोसी को भी परित्याग के लीये सूचित करें लेकिन ध्यान रहें की इस दौरान आप डोर-बेल का प्रयोग न करें | सीढियों के रास्ते भवन से बाहर निकलें, 999 पर फायर सर्विसेस डिपार्टमेंट को कॉल करें और साथ में आपके गैस सप्लाई कंपनी को उसके आकस्मिक नंबर पे सूचित करें |
- गैस का रिसाव रोकने के लिये सभी आवश्यक कदम चाले बगैर गैस सिलिंडर को पुन: न जोड़ें |
- आप गैस उपकरणों और सिलिंडर को तब तक प्रयोग में न लाये जब तक आपके ग्यास सप्लाई कंपनी से उसकी सुरक्षा जाँच न करवा लें |

फ्रिज

फ्रिज के मोटर, कम्प्रेसर और क्वाइल के ऊपर भारी मात्रा में धुल और कपड़ो का फाहा जमना हीं आगके खतरों का मूल कारण है | ऐसी अवस्था में फ्रिज ओवरलोड हो जाता है और संभवत टूट जाता है जिसके कारण उसके भीतर आग नजदिक के फोमयुक्त प्लास्टिक इन्सुलेटर और अन्य प्लास्टिक तक फ़ैल सकते हैं | फ्रिज के प्लग को बिजली की सॉकिट से हटायें और मोटर कम्प्रेसर क्षेत्र से धुल को नियमित अंतराल में साफ करें | पुराने प्रकार के फ्रिज जो पीछे की तरफ हवा फेकतें हैं उन्हें दिवार से कुछ दूरीपर रखें ताकि पिछे से निकलने वाला हवा को कोही अवरोध न हो |

आयरन करना

गरम आयरन को छोड़ने या भूलने से कपड़े झुलस जाते हैं और इससे आग लग सकता है | आग लगने का खतरा तब और बढ जाता है जब आयरन बोर्ड लकड़ी से बना और कपड़े से ढका हुआ हो |

एयरोसोल स्प्रे

एयरोसोल स्प्रे को दाबानुकूलित डिब्बे में रखा गया होता है जो कि अत्यधिक ताप के संपर्क में आने पर फट सकता है |

- ज्यादा कीटनाशक के प्रयोग न करें |
- नग्न ज्वाला या प्रज्वलनशील श्रोतों पर स्प्रे न करें |
- स्प्रे को सीधी धुप या ताप के श्रोतों के नजदीक न रखें |
- एयरोसोल स्प्रे को हमेशा ठंडी, सुखी जगह में ही रखें |

अगरबत्ती और जोस पेपर जलाना

ज्वलनशील सामग्री जैसे बेकार कागज से मुक्त धातु का डब्बा और कार्बन बक्से के भीतर ही अगरबत्ती और जोस पेपर जलायें | सभी राख को विसर्जन से पहले अच्छी तरह बुझायें |

बेडरूम

घर में लगनेवाले आग की घटनाओ में ज्यादा मौते बेडरूम में होती हैं | ज्यादातर आग की घटनाये रात को घटती हैं जब परिवार के सभी बिस्तर पर होते हैं | कुछ घटनाओ में लोग फसने की वजह से जल कर मर जातें हैं पर ज्यादातर मौते धुआँ और गैस के वजह से दम घुटने से होती हैं | बेडरूम में होने वाले फर्नीचर, कपड़े, पर्दे और बेड कवर सभी ज्वलनशील है: ऐसे में बेडरूम में आग की एहतियात को कभी भी नजर अंदाज़ नहीं करना चाहियें |

सिगरेट का सिरा

बिस्तर में कभी भी सिगरेट न पियें | जलती हुई सिगरेट गद्दे में आग लगा सकता है | राखदानी मेंविसर्जन से पहले सिगरेट को अच्छी तरह से बुझा दिजीयें |

हिटर

हिटर को कभी भी बिस्तर, सोफा या कुर्सी के नजदिक न रखें | हिटर के ऊपर कपड़े न सुखायें | सुनिश्चित करें की हिटर सही जगह में है और आसानी से निचे न गिरें |

आवश्यक तेल

- प्राय: सभी आवश्यक तेल ज्वलनशील द्रव है | ढेरों परिणामों में तेलोका भंडारण न करें | उन्हें सीधी धुप और बच्चो के पहुँच से दूर रखें |
- भेपोराइजर प्रयोग करते वक्त, कमरा अच्छी तरह से वेंटिलेटेड होना चाहियें| बर्नर वाले भेपोराइजर को ज्वलनशील पदार्थ के पास और तेज़ हवा के बहाव वाले स्थान पर न रखें | तेल भरने से पहले ज्वाला को बुझा दें | दरार पड़ चूंके भेपोराइजर का प्रयोग न करें |
- बिजली की भेपोराइजर में ज्यादा पानी न डालें, इस से पानी ओवर-फ्लो होकर बाहर और तार को गिला कर सकता है |

बिस्तर पर जाने से पहले चारों ओर जाँच लें

- रसोईघर, बैठक का कमरा और बेडरुम का दरवाज़ा बंद करें | इस से आपके सोते वक्त अगर आग लग जायें तो फैलने में अवरोध खड़ा हो जाता है |
- सुनिश्चित करे की सभी गैस उपकरण और मिट्टी के तेल का चूल्हा बंद है और साथ में सिगरेट भी बुझाई गयी हैं |
- सुनिश्चित करें की सारी बिजलि के उपकरण जैसे रेडियो, टेलीविज़न, हल्के हिटर का प्लग सॉकिट से निकली गयी हैं |



छत

सुनिश्चित करे की छत का निकास द्वार भीतर की ओर जल्दी और आसानी से बिना चांबी के खुल सकें |

छत को किसी भी अवरोधों से मुक्त रखें | छत आग लगने की स्थिति में अस्थायी आश्रय स्थल का काम कर सकता है |

सुरक्षित लबी

सुरक्षित लबी में स्वत: बंद होने वाले दरवाज़े को हमेशा बंद रखना चाहियें |

सीढ़ीयाँ

सीढ़ीयों को अवारोधों से मुक्त रखें | याद रहें, आग लगने की स्थिति में सीढ़ी बच के निकलने का महत्वपूर्ण रास्ता है |

लिफ्ट

भवन में आग लगने की संदेह हो तो लिफ्ट का प्रयोग न करें |

दरवाज़े और प्रवेश द्वार

प्रवेश द्वार सरकने वाले होने चाहियें ताकि यह खुलते वक्त आम कोरिडोर, बल्कोनी या सीढ़ी को अवरोध न खड़ा करें |

सजावट

सजावट के अवधी में पेंट, थिनर या अन्य ज्वलनशील द्रव को सावधानी से प्रयोग करें, खासकर उच्च वाष्पशीलता वाले ज्वलनशील द्रव को |

आवश्यकता न होने पर पेट्रोल, मिट्टी का तेल और थिनर जैसे ज्वलनशील पदार्थ का भंडारण न करें | ना-नामित खतरनाक
सामग्री भंडार में उपयुक्त मात्रा से ज्यादा परिमाण में बचे हुये ज्वलनशील पदार्थका भंडारण न करें |

पोलीयुरेथेन से पोलिश करने के बाद कोई भी बिजली की उपकरण या आग सुरु करने से पहले खिड़किया खोल दें ता कि भीतर संचित ज्वलनशील गैस बाहर निकल के हवा में विलीन हो सकें |

स्थापित अग्निरोधक सेवायें

सुनिश्चित करें की आपका परिवार अच्छी तरह से जानता है की भवन में लगे स्थापित अग्निरोधक सेवायें जैसे अग्निशामक यन्त्र, पानी फेंकने वाला पाइप आदि को कैसे संचालन में लाते है |

आप यह स्थापित अग्निरोधक सेवायें सुरक्षित अवस्था में और आत्म- विश्वास हो तो हीं चलायें | यह चलाते स्थापित अग्निरोधक सेवायें हुयें आपको बाहर निकाल्ने मे देरी नहीं करनी चाहियें |

सभी स्थापित अग्निरोधक सेवायें को साल में कम से कम एक बार पंजीकृत ठेकेदार से निरीक्षण करवायें और कोई अनियमितता दिखनें पर तुरंत मरम्मत करें | छोटे आग से निपटने के लिये सामान्यत: अग्निशामक यन्त्र को प्रयोग में लायें |

आगे कुछ प्रचलित प्रकार के अग्निशामक यंत्रों, अग्नि-रोधक कम्बल और उन के प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई है |

1. कार्बन डाइऑक्साइड वाला अग्निशामक यन्त्र:

प्रयोग करें: बिजली से लगी आग, ज्वलनशील द्रव, नाजुक उपकरणों, महत्वपूर्ण कागजातें या सिमित जगह में लगे आग पर

नोट: इसका भाप दम घुटा सकता है इसलिये प्रयोग के बाद खुली हवा में आयें |

संचालन विधि:

क. अग्निशामक यंत्र को आग वाले जमीन पर लायें और आग से सुरक्षित दूरी कायम रखें |

ख. संचालन हैंडल का सुरक्षा पिन बाहर खींचे और डिस्चार्ज हॉर्न को आगकी तरफ लक्षित करें |

ग. संचालन हैंडल को दबायें, इस से नियंत्रण वाल्व खुल जायेगा | वाल्व खुलने से डिस्चार्ज हॉर्न के तरल कार्बन डाइऑक्साइड वाष्पित होता और फैलता है जो डिस्चार्ज हॉर्न के माध्यम से आगकी आधार की तरफ तेजी से निकल कर जलती हुई सामग्री को बुझा देता है |

घ. आग बुझाने के बाद, गैस का डिस्चार्ज रोकने के लिये संचालन हैंडल को दबाना छोड़ दें |





2. पानी वाला अग्निशामक यन्त्र

प्रयोग करें : लकड़ी, कपड़ें और कागज़ पर लगे आग पर

कभी प्रयोग न करें: बिजली या ज्वलनशील द्रव्य या धातुओं संबंधित आग पर

संचालन विधि:

क. अग्निशामक यंत्र को आग वाले जमीन पर लायें और आगसे सुरक्षित दूरी कायम रखें |

ख. सुरक्षा पिन बाहर खींचे और नोज़ल को आगकी तरफ लक्षित करें |

ग. संचालन हैंडल को दबायें | गैस- कारतूस वाले अग्निशामक यंत्र में स्ट्राईकर गैस- कारतूस को छेद कर देता हैं | इस से कार्बन डाइऑक्साइड मुक्त हो जाता हैं और उसी समय नियंत्रण वाल्व खुल जाता है | संग्रहित-दबाब वाले अग्निशामन यंत्र में भी नियंत्रण वाल्व खुल जाता और नोज़ल के माध्यम से सिलिंडर का पानी तेजी से बाहर निकलता है | पानी का धार आग के आधार पर हीं पड़े इसके लिये नोज़ल कि दिशा अनुकूल बनायें और जलती हुई सामग्री बुझायें |

घ. आग बुझाने के बाद, गैस का डिस्चार्ज रोकने के लिये संचालन हैंडल को दबाना छोड़ दें |



3. सूखे पाउडर वाला अग्निशामक यन्त्र (गैस-कारतूस/ संग्रहित-दबाब)

प्रयोग करें: सभी किस्म की आग, बिजली या ज्वलनशील द्रव्य या धातुओं संबंधित आग पर

संचालन विधि:

क. अग्निशामक यंत्र को आग वाले जमीन पर लायें और आग से सुरक्षित दूरी कायम रखें |

ख. संचालन हैंडल का सुरक्षा पिन बाहर खींचे और नोज़ल को आगकी तरफ लक्षित करें |

ग. संचालन हैंडल को दबायें | गैस-कारतूस वाले अग्निशामक यंत्र में स्ट्राईकर गैस-कारतूस को छेद कर देता है | इस से कार्बन डाइऑक्साइड मुक्त हो जाता है और उसी समय नियंत्रण वाल्व खुल जाता है | संग्रहित-दबाब वाले अग्निशामन यंत्र में भी नियंत्रण वाल्व खुल जाता है | दोनों ही मामलो में सिलिंडर में संग्रहित सूखे पाउडर नोज़ल के माध्यम से तेजी से बाहर निकलता है | सूखे पाउडर आग के आधार पर हीं पड़े इस के लिये नोज़ल कि दिशा अनुकूल बनायें और जलती हुई सामग्री बुझायें |

घ. आग बुझाने के बाद, सूखे पाउडर का डिस्चार्ज रोकने के लिये संचालन हैंडल को दबाना छोड़ दें |

4. क्लीन एजेंट वाला अग्निशामक यंत्र

प्रयोग करें: बिजली से लगी आग, ज्वलनशील द्रव, नाजुक उपकरणों, महत्वपूर्ण कागजातें में लगी आग पर

संचालन विधि:

क. अग्निशामक यंत्र को आग वाले जमीन पर लायें और आग से सुरक्षित दूरी कायम रखें।

ख. सुरक्षा पिन को बाहर खींचे और नोज़ल को आगकी तरफ लक्षित करें।

ग. संचालन हैंडल को दबायें, इस से नियंत्रण वाल्व खुल जायेगा। इस से नोज़ल के माध्यम से गैस तेजी से आगकी आधार पर गिरेगा और जलती हुई सामग्रीयों को बुझायेगा।

घ. आग बुझाने के बाद, गैस का डिस्चार्ज रोकने के लिये संचालन हैंडल को दबाना छोड़ दें





5. झाग वाला अग्निशामन यंत्र (गैस-कारतूस/ संग्रहित-दबाब)

प्रयोग करें: ज्वलनशील द्रव्य संबंधित आग

कभी प्रयोग न करें: बिजली के कारण लगी आग

संचालन विधि:

क. अग्निशामक यंत्र को आग वाले जमीन पर लायें और आग से सुरक्षित दूरी कायम रखें।

ख. संचालन हैंडल का पिन बाहर खींचे और नोज़ल को आगकी तरफ लक्षित करें।

ग. संचालन हैंडल को दबायें। गैस-कारतूस वाले अग्निशामक यंत्र में स्ट्राईकर गैस-कारतूस को छेद कर देता है। इस से कार्बन डाइऑक्साइड मुक्त हो जाता है और उसी समय नियंत्रण वाल्व खुल जाता है। संग्रहित-दबाब वाले अग्निशामन यंत्र में भी नियंत्रण वाल्व खुल जाता है। दोनों ही मामलो में सिलिंडर में संग्रहित झाग का घोल स्वतः नोज़ल के माध्यम से तेजी से बाहर निकलता है। झाग आग लगे हुये डब्बे के भीतरी दिवार पर हीं पड़े, इस के लिये नोज़ल कि दिशा अनुकूल बनायें और यह तब तक करते रहें जब तक जलते हुये तेल या ज्वलनशील द्रव्य के ऊपर झाग न बहें और आग न बुझ जायें।

घ. आग बुझाने के बाद, झाग का डिस्चार्ज रोकने के लिये संचालन हैंडल को दबाना छोड़ दें।

6. आग अवरोधक कम्बलें

प्रयोग करें: रसोई और प्रयोगशाला में ज्वलनशील द्रव्य से लगने वाले छोटे आग पर

संचालन विधि:

कम्बल को डब्बे से निकाले और आगके ज्वाला को ढक दें ताकि हवा का संचालन बन्द हो सके | आगका श्रोत बन्द करें और तब तक कम्बल को उसी अवस्था में रखें जब तक जलती हुई सामग्री बुझ न जाये |

आपातकालीन योजना

- अपने परिवार के साथ विस्तृत आपातकालीन बच निकलने का रास्ता तयार करें और आग लगने की स्थिति में बैठक स्थल का प्रबंध करें। सबसे खतरनाक समय रात का होता है जब सब सो रहे होते हैं। पहले से ही बाहर निकलने के वैकल्पिक रास्तों और दिशाओं का योजना बनायें और आवश्यक पड़ने पर घर खाली करने के लिये हमेशा तयार रहें। फायर सर्विसेस डिपार्टमेंट या आपके भवन का प्रबंधन कार्यालय द्वारा आयोजित कोई भी अग्नि सुरक्षा बहस या फायर ड्रिल में सक्रिय रूप से भाग लें।
- अपने आप बाहर न निकल सकने वाले जैसे बीमार,वृद्ध, अपाहिज़ और छोटे बच्चो के लिये बिशेष प्रबंध करें।
- फायर ड्रिल का रात को अभ्यास करें और सब से व्यवहारिक योजना बनायें।
- भवन छोड़ कर भागते वक्त जो कोही भी दरवाज़े आपके रास्ते में आयें उन्हें बंद कर दें। इस से धुआँ और आग का फैलावट कुछ हद तक सिमित होगा और अंत में हानि कम हो सकता है।
- आग लगने पर जितना जल्दी हो सके 999 डायल कर के फायर सर्विसेस डिपार्टमेंट को कॉल करें।
- आगकी एहतियात के लिये अच्छा गृह-व्यवस्था निहायत ही आवश्यक है। दुर्भाग्यवश, यदि आग से जूझना पड़े तो शांति से जूझें।

चर्बी और तेल सम्मिलित आग

- जलती हुई चर्बी और तेल पर सीधे पानी का प्रयोग न करें
- जलती हुई चर्बी वाले पेन को न उठायें।
- पेन में चर्बी या तेल से लगी आग को बुझाने के लिये गैस सप्लाई बंद करे और पेन को किसी ढक्कन या प्लेटसे ढक दें। अगर कपड़े, खाना बनाने वाले चर्बी या अन्य ज्वलनशील द्रव्य में आग लगे तो उसे बुझाने के लिये अग्नि-अवरोधक कम्बल का प्रयोग करें। अग्नि-अवरोधक कम्बल को स्थिर तरीके से दिवार में लगे हुये धातु से बने बेलनाकार डब्बे के भीतर रखना अच्छा रहता है।
- पानी का प्रयोग केवल आग आसपास फैलने लगे तो ही करें।

बिजली की उपकरणों में लगी आग

करें:

आग लगे हुये उपकरणों का प्लग निकालें या मुख्य स्थान से बिजली बन्द करें |

न करें:

चालू बिजली से जुड़े हुये उपकरणों में पानी का प्रयोग

सिर्फ यह प्रयोग करें:

बिजली की उपकरण सम्मिलित आग में सूखे पाउडर या कार्बन डाइ ऑक्साइड वाले अग्निशामक यन्त्र का प्रयोग करे परन्तु करंट को बंद करने की बात हमेशा याद रखें |

यदि आपके कपड़े आग पकड़ ले तो क्या करना चाहियें

- आपके कपड़े आग पकड़ ले तो, तुरंत जमिन पे लेट जायें ताकि ज्वाला आपके चेहरे तक न आए और जमिन पर गोल - गोल घुमें |
  "गिरें और घुमें"
- जमीन में घुमतें वक्त यदि अपने आपको कोई भी बुना हुआ कपड़ा में (जैसे: कम्बल, कालीन, कोट, पर्दे, ड्रेसिंग गाउन, तौलिया आदि) लपेट सकें तो बहुत अच्छा रहेगा | परन्तु इन्हें ढूढ़ते हुये देरी न करें और तुरंत जमीन पे लेट जायें |
- यदि आपकी मौजूदगी में किसी की कपड़ों में आग लग जाये तो उसे तुरंत जमीन पर लेटने को कहें | उसके बाद कम्बल, चटाई, कालीन आदि लेके उसमें लपेटें | अपनी कपड़ों में आग न लगें उसपे भी सावधानी बरतें |

वैद्यानिक आवश्यकता

किसी भी बच निकलने के रास्तें में कोई भी चीज़ या वस्तु छोड़ना जिससे रास्ते में अवरोध हो या बच निकलने का रास्तो को बंद करना दंडनीय अपराध है | यैसे अपराध करने पर पूर्व चेतावनी बगैर अभियोग लगाईं जा सकती है |

पहली बार इस अपराध में दोषी पाए जाने पर $ 100,000 का जुर्माना, और दुबारा दोष सिद्द होने पर $200,000 जुर्माना और 1 साल कैद की सजा का भागिदार होना पड़ेगा और कोई भी मामलों पर $ 20,000/ प्रति दिन का जुर्माना अपराध चलने तक |

(दिनांक 2004/1/ 1 से असर में)

香港特別行政區政府新聞處設計
政府物流服務署印
Designed by the Information Services Department
Printed by the Government Logistics Department
Hong Kong Special Administrative Region Government